
हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 19 नवंबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 सीएम साय बोले-छग के खिलाड़ियों को मिलेगी हर सुविधा...



12 जनता की भलाई के लिए योजनाओं को पूरी ...




## खबर संक्षेप

### श्रीरामचरितमानस नवोदित व्याख्यान स्पर्धा 14 व 15 दिसंबर को

**बेमेतरा।** दो दिवसीय राज्य स्तरीय श्रीराम कथा चिंतन श्रीरामचरितमानस नवोदित व्याख्यान प्रतियोगिता आगामी माह 14 एवं 15 दिसंबर को चंपारण धाम के श्री वल्लभाचार्य मंदिर श्रीमहादेव ट्रस्ट समिति प्रांगण में आयोजित है। जिला संयोजक एवं जिला अध्यक्ष अनिल रजक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से पांच-पांच चयनित नवोदित व्याख्याकार ही भाग ले सकेंगे। इसके लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता लगभग 15 जिलों में हो चुकी है और बाकी जिलों में भी जारी है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिसमें प्रथम से लेकर पन्द्रह क्रम तक नगद पुरस्कार, श्रीरामलला प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### गणित व भौतिकी के व्याख्याताओं का प्रशिक्षण आज से

**बेमेतरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे के मार्गदर्शन में जिले के हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्यापनरत गणित और भौतिक शास्त्र विषय के व्याख्याताओं को ऑफलाइन प्रशिक्षण 19, 20 और 21 नवंबर को डाइट बेमेतरा द्वारा दिया जाएगा। डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने बताया कि ऑफलाइन प्रशिक्षण का समय सुबह 9:30 बजे से 5:30 तक रहेगा। यह प्रशिक्षण पूरी तरह आवासीय है, जो शिक्षक-शिक्षिकाएं रात्रि विश्राम करना चाहते हैं, उनके लिए रात्रि विश्राम तथा भोजन की व्यवस्था की जाएगी। श्री घृतलहरे ने कहा कि एससीईआरटी का स्पष्ट निर्देश है कि हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी में अध्यापनरत गणित और भौतिक शास्त्र के सभी व्याख्याताओं को प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। प्रशिक्षण में अनुपस्थित प्रशिक्षणार्थियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

धान बेचने के दौरान आ रही समस्या, कम रकबा के कारण नहीं बेच पा रहे पूरा धान

# टोकन में दिखा रहा कम रकबा, परेशान किसान पहुंच रहे तहसील कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खमरिया

धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य सरकार द्वारा किसानों की सहूलियत के लिए 'टोकन तूंहर हाथ' ऐप के माध्यम से टोकन वितरण किया जा रहा है। हालांकि, इस प्रक्रिया के दौरान कुछ किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। समस्या यह है कि कई किसानों को उनके टोकन में कम रकबा दिखाया जा रहा है।

■ तहसील कार्यालय में लग रही आवेदकों की भीड़



इसका मुख्य कारण यह है कि पंजीयन के दौरान किसानों की ऋण पुस्तिका के अनुसार कुछ खसरा नंबर कट गए हैं, जबकि उन खसरों में भी धान की फसल उगाई गई थी। खसरा नंबर कटने के कारण टोकन में कम रकबा दिखाई दे रहा है, जिससे किसानों को उनकी उपज के हिसाब से कम धान बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। तहसील कार्यालय में इस मुद्दे को लेकर किसानों द्वारा लगातार आवेदन आ रहे हैं। किसानों की परेशानियों को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल इस पर कार्यवाही शुरू कर दी है। तहसीलदार ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए पहल की जा रही है, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रशासन सभी किसानों से अपील करता है कि वे धैर्य बनाए रखें और संबंधित कार्यालयों में अपने आवेदन जमा कराएं। इस समस्या का शीघ्र ही समाधान किया जाएगा, ताकि किसानों को उनकी उपज का पूरा लाभ मिल सके।

### शीघ्र दूर की जाएगी त्रुटि

तहसीलदार प्रकाश यादव और नायाब तहसीलदार मोरध्वज साहू ने बताया कि रकबा कम होने की बात को लेकर आवेदन देने किसान तहसील आफिस पहुंच रहे हैं, किसान परेशान हैं। जितनी जल्दी हो सकेगा, किसानों के हित में उनकी त्रुटि सुधार का काम किया जाएगा।

# संकुल केन्द्र हाटरांका के सभी विद्यालयों में हुआ परख मॉक टेस्ट



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थानखम्हरिया

संकुल केन्द्र हाटरांका के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में दिनांक 18 नवम्बर को परख मॉक टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया।

परीक्षा के निरीक्षण के लिए संकुल समन्वयक पीलूराम साहू एवं संकुल प्रभारी धन्नुलाल भुवार्य द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल हाटरांका, पूर्व माध्यमिक शाला हाटरांका, प्राथमिक शाला हाटरांका, प्राथमिक शाला बरगा, प्राथमिक शाला तोरन, सोनचिरैया, प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला चुहका , प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला चीजगांव, सरस्वती ज्ञान मंदिर एवं बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा का दौरा किया गया।परीक्षा के दौरान सभी स्कूलों में विद्यार्थियों के उत्साह और अनुशासन का स्तर सराहनीय रहा। यह परख मॉक टेस्ट परीक्षा विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता को परखने और आगामी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सभी विद्यालयों ने बहुत ही उत्साह और जिम्मेदारी के साथ इस परीक्षा का आयोजन किया, जिससे संकुल केन्द्र हाटरांका के शैक्षिक माहौल में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। निरीक्षण के दौरान, संकुल समन्वयक पीलूराम साहू एवं संकुल प्रभारी धन्नुलाल भुवार्य ने सभी विद्यालयों के शिक्षकों और विद्यार्थियों की मेहनत की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह की शिक्षा प्रणाली को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर अभिलाष जैन व्याख्याता, मनीषा सिंह, आलोक तिवारी प्रधान पाठक, विमल कुमार वर्मा, गंगाधर वर्मा, हेमलाल साहू, विकास कुमार चौबे, खेमलाल वर्मा, कन्हैयालाल लहरें, रामनारायण पटेल, युक्ति साहू, रेवाराम पाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों ने परख मॉक टेस्ट परीक्षा को सफल बनाया एवं बच्चों के शैक्षिक विकास में सहयोग देने का संकल्प लिया।

# श्री रामलला दर्शन के लिए छठवां दल रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

श्री रामलला दर्शन के लिए जिले से श्रद्धालुओं का छठवां दल 18 नवंबर को रवाना हुआ। श्रद्धालुओं का पाँचवां दल पिछले माह 14 अक्टूबर को श्री रामलला दर्शन के लिए गया था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल और उप संचालक, समाज कल्याण विकास बरखा कासू ने सुबह कलेक्टोरेट परिसर से तीर्थ यात्रियों के बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये श्रद्धालु श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) में श्री रामलला के दर्शन करेंगे। सीईओ श्री अग्रवाल ने सभी यात्री श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। इस अवसर पर चिकित्सक, सीईओ जनपद सहित कर्मचारी उपस्थित थे। राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्या धाम में श्रीराम के दर्शन हेतु श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की गई है। ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। इस तरह की योजनाएं न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें उन स्थलों का अनुभव करने का मौका भी देती हैं, जिन्हें वे सामान्यतः आर्थिक कारणों से नहीं देख पाते। श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस योजना से हम लोगों का श्रीराम के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है। बता दें कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा, जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

■ जिपं सीईटो अग्रवाल ने तीर्थ यात्रियों के बस को दिखाई हरी झंडी

## होटल, ढाबों और वाहनों की सघन जांच जारी



**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर जिले में पुलिस टीम होटल, ढाबा एवं वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थों, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियों, सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वालों, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी लगातार कर रही है। पेट्रोलिंग पार्टियां भी गश्त में लगी हैं। शहर के प्रमुख चौराहों पर वाहनों की जांच शुरू कर दी है।


हरिभूमि
## पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411



## पैरामेडिकल/नर्सिंग/स्वास्थ्य कर्मचारी में प्रवेश हेतु आवेदन सूचना (2024-25)

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

छ.ग. के विभित्र प्राइवेट चिकित्सालयों में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी एवं हॉस्पिटल प्रबंधन कर्मी की पूर्ति हेतु संस्थान एक एवं दो वर्षीय राष्ट्रीय कौशल विकास द्वारा संचालित कोर्स के अंतर्गत में कक्षा 12वीं (पास/फेल कोई भी विषय से हो) छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों (रायपुर धमतरी, बिलासपुर, सरायपाली, जांजगीर) के केन्द्रों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित।

**केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटे**

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | ईएमटी/ MPHW | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** **1.** आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे। साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) **2.** चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। **4.** 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। **5.** किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/12/2024 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 05/01/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

**प्रति,**
**संचालक**
**शाखा प्रबंधक** NSDC/SDMS **केंद्र क्रमांक 86549**
**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**
**पिनकोड- 492013**

महोदय____________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम____________________
पिता/पति____________________ जन्म तिथि____________________
वर्ग अनुज जाति__________अनु जाति__________ अन्य पि. वर्ग__________
सामान्य__________पत्र व्यवहार का पता____________________
____________________ पिन कोड__________
मो. नं.____________________बाट्सअप नं____________________
पालक का मो. न____________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग____________________
में प्राप्त अंक__________ कुल प्रतिशत__________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.__________
हस्ताक्षकर____________________ पालक का हस्ताक्षर____________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**


### नपं थानखम्हरिया में वार्ड सर्वे के लिए अधिकारी नियुक्त

**थानखम्हरिया।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर, अटल नगर के आदेशानुसार नगर पंचायत थानखम्हरिया के विभिन्न वार्डों में 'प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0' के अंतर्गत वार्ड सर्वे कार्य के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमल सिंह चौहान ने बताया कि आदेश के तहत आशीष कुमार भारती, उप-अभियंता, को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके सहयोग के लिए सहायक नोडल अधिकारी के रूप में विवेक साहू सीएलसीसीटीएल, कमलेश शर्मा (पीएस.क.म.) की नियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त, सहायक कर्मचारियों में गुंजनर साहू और खेमेंद्र देवांगन को नियुक्त किया गया है।यह सर्वे कार्य 15 से 30 नवंबर तक चलेगा, जिसमें वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक का सर्वे किया जाएगा।

### बेमेतरा में प्लेसमेंट कैम्प 22 को

**बेमेतरा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा में 22 नवंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में शांति नगर भिलाई 3 दुर्ग की निजी कंपनी द्वारा फील्ड स्टॉफ पद के लिए भर्ती की जाएगी। इसके लिए 12वीं उत्तीर्ण युवाओं की भर्ती रायपुर, भिलाई, राजनांदगांव और खैरागढ़ के लिए की जाएगी। इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा में 22 नवंबर को शिविर में शामिल हो सकता है।




## खबर संक्षेप



### प्रेरणा आश्रम के बच्चों के साथ मनाया चिल्ड्रन डे

**रायपुर।** श्रीश्री रविशंकर महाराज की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के युवाओं ने इस बार हीरापुर में प्रेरणा दृष्टिबाधित आश्रम में पहुंचकर 100 से अधिक बच्चों के साथ चिल्ड्रन डे सत्संग और उत्सव के रूप में मनाया। इस अवसर पर दृष्टिबाधित बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम में शांतनु द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई एवं कमलेश्वरी ने भी अपनी मधुर आवाज से सबको मोहित कर दिया। उक्त जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेशन स्टेट को-ऑर्डिनेटर दीपेंद्र दीवान ने दी।

### पैसे देने से इंकार करने पर युवकों से मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थानो में एक व्यक्ति ने तीन लड़कों के खिलाफ अपने भांजे तथा बेटे के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, संजय नगर निवासी सैय्यद साजिद अली ने मोहम्मद सैफ, मोहम्मद शहजाद शेख तथा मोहम्मद हाशिम शेख के खिलाफ अपने भांजे आयुद्दीन तथा बेटा तौसिफ रजा के साथ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। साजिद अली ने पुलिस को बताया कि तीनों बदमाशों ने पुराने मामले में समझौता नहीं करने पर उन लोगों के खिलाफ कोतवाली में अपराध दर्ज कराने की बात कहते हुए शराब पीने पैसों की मांग की। इंकार करने पर बदमाशों ने साजिद अली के बेटे तथा भांजे के साथ मारपीट की।

### शासकीय सेवकों पर आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा बढ़ी, वित्त की मंजूरी



**रायपुर।** वित्त विभाग ने शासकीय सेवकों पर आश्रितों की अधिकतम आय सीमा में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब शासकीय सेवकों के आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा 3 हजार 50 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 7 हजार 750 रुपए प्रतिमाह करने को स्वीकृति प्रदान की गई है। आय सीमा बढ़ाने के साथ जिन आश्रितों की आय 3050 रुपए से अधिक थी, वे सभी परिवार पेंशन का लाभ प्राप्त करने के पात्र हो सकेंगे। उल्लेखनीय है कि साल 2014 के बाद से शासकीय सेवकों के आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा में कोई वृद्धि नहीं की गई थी, जबकि राज्य में श्रमिकों की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। अर्ध कुशल श्रमिकों के लिए दैनिक मजदूरी की दर अब 10,900 रुपए प्रतिमाह तक पहुंच गई है। ऐसे में जिन शासकीय सेवकों के आश्रित सदस्य 3 हजार 50 रुपए प्रतिमाह से अधिक आय प्राप्त कर रहे थे, उन्हें परिवार पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इस कदम से शासकीय सेवकों के आश्रितों की स्थिति सुधरेगी और आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। इससे उन परिवारों को राहत मिलेगी, जो शासकीय सेवक के निधन के बाद परिवार पेंशन पर निर्भर रहते हैं।

### राजस्व मंडल से लेकर कमिश्नरी तक 17 हजार से ज्यादा मामले अटके

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राजस्व संबंधी मामलों का तेजी से निपटारा करने संबंधी राज्य सरकार के बार-बार आदेश-निर्देश के बावजूद ऐसे मामले कम होते नजर नहीं आ रहे हैं। इन मामलों की सुनवाई के लिए तहसील से लेकर जिलास्तर तक न्यायालयों में सुनवाई होने के बाद जब ये मामले राजस्व मंडल और कमिश्नरी के स्तर पर आ रहे हैं तो वहां भी सुनवाई में काफी देर हो रही है। हालत ये है कि राज्य की पांच कमिश्नरी और राजस्व मंडल में कुल मिलाकर ऐसे मामलों की संख्या 17 हजार 326 तक पहुंच चुकी है। दूसरी ओर मामलों के निराकरण में भारी सुस्ती बनी हुई है। छत्तीसगढ़ में लंबित राजस्व मामलों की संख्या 1 लाख 45 हजार से अधिक है, लेकिन इनमें से अधिकांश मामले तहसील से लेकर जिलास्तर तक के राजस्व न्यायालयों से संबंधित हैं।

# सीएम साय बोले-छग के खिलाड़ियों को मिलेगी हर सुविधा, ओलंपिक में गोल्ड लाए तो तीन करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


अलग खबर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और बेहतर खेल अधो-संरचनाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा, ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी को 3 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेता को 2 करोड़ व कांस्य पदक विजेता को एक करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी । मुख्यमंत्री ने सीएम ट्राफी इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन स्पर्धा के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, यह बहुत खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ में बैडमिंटन का यह टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 10 देशों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एकता, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। यह युवाओं को सकारात्मक और ऊर्जावान बनाता है। भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। हमारे राज्य में अनेक प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। भारत सरकार की खेलो-इंडिया योजना को भी हम छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में लागू कर रहे हैं।

## स्वर्ण पर 3, रजत पर 2 व कांस्य पदक विजेता को 1 करोड़ रुपए देने की घोषणा

### खिलाडियों की अपेक्षा जानने का करता हूं प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा, जब भी मुझे अवसर मिलता है। मैं खिलाड़ियों से बातचीत करके उनकी अपेक्षाओं को जानने समझने का प्रयास करता हूं। उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें प्रोत्साहित करता हूं। कल ही मैंने धमतरी की बैडमिंटन खिलाड़ी रीतिका ध्रुव से वीडियो कॉल पर बात करके राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें मिली उपलब्धियों के लिए बधाई दी। रीतिका ने मुझे बताया कि उनके पिता जीवन-यापन के लिए मजदूरी करते हैं और मां आंगनवाड़ी सहायिका हैं। संघर्षों के बावजूद रीतिका ने बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन किया है। मैंने उनको आश्वस्त किया कि आप खूब आगे बढ़ियें और अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करिये। हम आपका पूरा सहयोग करेंगे।



### देंगे सभी सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा, खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। बैडमिंटन के क्षेत्र में खिलाड़ी आगे बढ़ें इसके लिए भी हम सभी सुविधाएं देंगे। मुख्यमंत्री ने मेंस डबल्स विजेता हरिहरन व रुबन कुमार को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने विदेश से आए खिलाड़ियों और उनकी टीम के सभी सदस्यों का छत्तीसगढ़ में स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया, महासचिव संजय मिश्रा, राकेश शेखर, गौतम महंता सहित बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी, खिलाड़ी व बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## मध्यप्रदेश के राजगढ़ से चोरी करने आता है कुख्यात गैंग

# ठंड आ गई, शादियों का सीजन भी और अब सूट-बूट गैंग की दस्तक की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंड की दस्तक के साथ ही शहर में चोरी की वारदातें अन्य महीनों की अपेक्षा बढ़ जाती हैं। स्थानीय के साथ बाहरी शातिर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने सक्रिय हो जाते हैं। यह शादियों का भी पसंदीदा सीजन होता है, कुछ सालों में ऐसी ही शादियों के दौरान सूट बूट गैंग का खौफ रहा है। राजधानी में पिछले दो साल में विवाह समारोह में दर्जनभर के करीब चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। चोरी की घटनाएं रोकने पुलिस इस बार बड़ी शादियों पर नजर रखने की बात कह रही है। इसके लिए पुलिस जवान सादी वर्दी में समारोह स्थल के आसपास तैनात रहेंगे।

- पड़ोसी जिलों तथा आउटर के इलाकों में किराए पर मकान लेकर रहते हैं शातिर

उल्लेखनीय है कि बदलते परिवेश में विवाह का स्वरूप पहले की तुलना में काफी बदल चुका है। लोग घर के चारदीवारी के अंदर विवाह समारोह करने के बजाय होटल, मैरिज पैलेस, सामुदायिक भवन आदि में आयोजन कर रहे हैं। इस बात का फायदा चोर गिरोह उठा रहे हैं। गिरोह के बदमाश सज-धज कर विवाह समारोह में शामिल होने पहुंच जाते हैं और मेहमानों के बीच मौका पाकर महंगे गिफ्ट, जेवर समेत अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर देते हैं।

### राजगढ़ से आता है सूट-बूट गैंग

*विवाह समारोह में चोरी करने वाला सूट-बूट गैंग मूल रूप से मध्यप्रदेश राजगढ़ का है। राजगढ़ का यह गैंग देवउठनी एकादशी के बाद से सक्रिय हो जाता है और अलग-अलग ग्रुप बनाकर शातिर यहां चोरी करने पहुंचते हैं। यह गैंग दिन में फेरीवाले बन होटल, मैरिज पैलेस की रेकी करते हैं। इसके बाद रेकी करने वाले अपने अन्य साथियों को विवाह समारोह स्थल की जानकारी शेयर करते हैं।*



### शातिरों पर रख रहे नजर

विवाह समारोह में चोरी की घटनाएं रोकने पुलिस टीम को पहले से अलर्ट कर दिया गया है। दूसरे शहर से आने वाले संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। पूर्व में विवाह समारोह में जिन लोगों को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, उनके वर्तमान लोकेशन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

**- लखन पटले,** एएसपी सिटी

### पुलिस की हिदायत- सीसीटीवी कैमरे अपडेट रखें

*क्राइम एएसपी संदीप मित्तल के मुताबिक विवाह समारोह स्थल, होटल, धर्मशाला, मैरिज पैलेस के संचालकों को अपने यहां लगे सीसीटीवी कैमरे अपडेट करने कहा गया है। साथ ही समारोह स्थल में नजदीकी पुलिस स्टेशन के नंबर के साथ टीआई के नंबर लिखने भी कहा गया है। थाने तथा टीआई के नंबर लिखे होने पर किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय स्थिति निर्मित होती है तो तत्काल पुलिस को घटना की जानकारी दी जा सकती है।*

### चोरी के बाद माल साथियों के हवाले

*पुलिस के अनुसार, विवाह समारोह में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद गिरोह के बदमाश चोरी का माल स्वयं रखने के बजाय अपने किसी अन्य साथी को दे देते हैं। माल लेने वाला शातिर यहां रुकने के बजाय अपने गांव रफूचक्कर हो जाता है। चोर गिरोह से जुड़े शातिरों को पता रहता है कि जहां उन लोगों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है, वहां सीसीटीवी फूटेज के आधार पर वे पकड़े जा सकते हैं, इसलिए चोरी का माल अपने अन्य साथियों को दे देते हैं। पकड़े जाने के बाद भी पुलिस इन चोर गिरोह के शातिरों से माल बरामद नहीं कर पाती।*

### जहां रहते हैं, वहां नहीं करते वारदात

*पुलिस के अनुसार, विवाह समारोह में चोरी करने वाले राजगढ़ का गिरोहबाज इतने शातिर हैं कि जिस शहर में वे अपने रहने का ठिकाना बनाते हैं, वहां अमूमन चोरी करने से बचते हैं। गिरोह के बदमाश उसके नजदीकी शहर या जिले में चोरी करने जाते हैं। चोर गिरोह के सदस्य जहां रहने के लिए ठिकाना बनाते हैं, वे वहां केवल रेकी करते हैं।*

# छह महीने में 800 ट्रेनें रद्द लाखों यात्री रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय रेलवे में लगातार विकास कार्य जारी हैं, जिसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ट्रेनें हर बीते छह महीने में सर्वाधिक रद्द हुई हैं। इस वजह से लाखों यात्रियों को दिक्कत हुई। बता दें कि जोन में तीसरी लाइन का काम तेजी से चल रहा है। कुछ महीनों से यह कार्य पूरा हो जाएगा। वर्तमान में ट्रेक की कमी है और अधिक ट्रेनों का परिचालन पटरियों पर हो रहा है। इस वजह से ट्रेनें भी लगातार विलंब से चल रही हैं, लेकिन पटरियों का काम पूरा होने के बाद यात्रियों और माल परिवहन के लिए दो अलग-अलग ट्रेक होंगे। इससे ट्रेनें समय पर पहुंचेंगी और रद्द भी नहीं होंगी। जोन के अफसरों का कहना है कि सालभर तक ट्रेन रद्द होने से यात्रियों को समस्या तो रहेगी। इसके बाद सफर आरामदायक हो जाएगा। समय पर ट्रेन चलाने को लेकर पटरियों का विस्तार कार्य चल रहा है। बता दें कि बीते 6 महीने में 800 से अधिक ट्रेनों को रेलवे ने रद्द किया है। अक्टूबर और नवंबर में संख्या कम रही, लेकिन जुलाई से सितंबर के बीच हर महीने 150 से अधिक लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों को रेलवे ने रद्द किया।

### पिछले साल से 10 प्रतिशत अधिक माल लदान

दपूमरे जोन भारतीय रेलवे का दूसरा सबसे अधिक माल लदान करने वाला जोन है । वित्तीय वर्ष 2023-24 में, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 236 मिलियन टन माल लदान किया है, जो 10 प्रतिशत वृद्धि है। अगले 9 महीनों में मल्टी-ट्रैकिंग कार्य करेंगे, इसमें तीन बहुत ही महत्वपूर्ण रेलखंड शामिल हैं, जिसमें बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन, अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन, राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन प्रमुख हैं। इन कार्यों के पूरा होने से गतिशीलता में काफी सुधार होगा।

### मालगाड़ियों की जारी नहीं होती सूचना

*रेलवे का कहना है कि देशभर में पटरियों को अपग्रेड करने का काम तेजी से चल रहा है। इस वजह से रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों को हर महीने रद्द करना पड़ रहा है। जिस रूट पर यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाता है, उस मार्ग पर मालगाड़ियों का परिचालन रद्द नहीं किया जाता। रेलवे के अनुसार ट्रेनों की तरह मालगाड़ियों के रद्द होने की सूचना जारी नहीं की जाती। पटरियों में दोपहर के वक्त काम होता है। उस समय केवल मालगाड़ी नहीं चलाई जाती, लेकिन सुबह और रात के समय पटरियों पर मालगाड़ी का परिचालन जारी रहता है।*

# 63 लाख की चोरी का अब तक सुराग नहीं, परिजनों से वन-टू-वन पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मुजगहन थाना क्षेत्र में दीपावली के एक सप्ताह पूर्व किसान बालमुकुंद सोनकर के घर 62 लाख 71 हजार रुपए चोरी की रिपोर्ट 22 दिन बाद दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। रिपोर्ट दर्ज करने के तीसरे दिन पुलिस ने रविवार को किसान परिवार के सदस्यों से बारी-बारी से पूछताछ की। साथ ही घर में काम करने वाले कर्मचारियों से भी पूछताछ की है। बावजूद इसके पुलिस को चोरी का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। गौरतलब है कि बालमुकुंद के पिता तथा उनके चाचा मिलाकर सात भाई हैं। इनमें से बालमकुंद के पिता तथा उनके दो अन्य भाई गांव में साथ रहते हैं। शेष चार अन्य भाई रायपुर, राजिम में निवासरत हैं। बालमुकुंद ने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उनके पिता को आंबेडकर अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया था। उपचार कराने के बाद घर लाया गया। इसी दौरान 23 अक्टूबर को उनकी मां दीवान को सफाई करने के लिए खोली, तब दीवान के अंदर नोटों से भरा कार्टून, जिसमें जमीन बिक्री की राशि 62 लाख 71 हजार रुपए गायब मिले।

### सभी लोगों से पूछताछ

मुजगहन टीआई के मुताबिक, बालमुंकुद के घर में उनके एक दर्जन के करीब परिजन रहते हैं। सभी लोगों से बारी-बारी से पूछताछ की गई है। साथ ही घर में काम करने वाले कर्मचारियों से भी पूछताछ करने की जानकारी पुलिस ने दी है। उल्लेखनीय है कि बालमुकुंद ने चोरी की घटना में परिजनों के साथ करीबी तथा घर में काम करने वाले कर्मचारियों पर चोरी करने की आशंका व्यक्त की है। इसलिए पुलिस ने घर के सदस्यों के अलावा घर से संबंध रखने वाले संबंधितों से बारी-बारी से पूछताछ की है।

### बाहरी लोगों के बारे में भी जुटा रहे जानकारी

पुलिस के अनुसार, चोरी की घटना में किसी बाहरी का हाथ तो नहीं, इस संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। बालमुकुंद के घर में किन-किन बाहरी लोगों की आवाजाही थी। घर में नकदी रखे होने की जानकारी किन लोगों को थी। पुलिस इस संबंध में भी जानकारी जुटाकर चोरी का सुराग तलाशने की बात कह रही है।

# जमीन पर बेजा कब्जा, कमिश्नर ने पलटा कलेक्टर-एसडीएम का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा मामले में धमतरी जिले के कुर्रा ग्राम पंचायत के सरपंच को एसडीएम तथा कलेक्टर द्वारा क्लीन चिट देने के मामले को कमिश्नर महादेव कावरे ने पलटते हुए कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। साथ ही एक माह के भीतर प्रकरण का निपटारा करने कमिश्नर ने आदेश दिए हैं। गौरतलब है कुर्रा पंचायत के सरपंच खम्हन लाल साहू तथा उनके परिजनों द्वारा गांव के चार अलग-अलग जगहों पर शासकीय जमीन पर कब्जा कर मकान तथा दुकान निर्माण करने का आरोप है। इसे लेकर गांव के उप सरपंच तथा पंचों ने शिकायत तहसीलदार से की थी। शिकायत की जांच भखारा तहसीलदार ने की। जांच के बाद तहसीलदार ने सरपंच तथा उनके परिजनों पर जुर्माना लगाया।

### साक्ष्यों के आधार पर कमिश्नर से सुनाया फैसला

सरपंच के खिलाफ कार्रवाई करने शिकायतकर्ताओं ने एसडीएम तथा कलेक्टर के फैसले के विरुद्ध कमिश्नर कार्यालय में अपील की। कमिश्नर श्री कावरे ने दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए तलब किया। इसके बाद प्रस्तुत साक्ष्यों का प्रतिपरीक्षण किया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर श्री कावरे ने एसडीएम के आदेश और कलेक्टर के अपील खारिज करने के फैसले को पलटते हुए पंचायत राज अधिनियम की धारा 36 और धारा 40 के तहत कार्रवाई योग्य माना।

### कार्रवाई के लिए एसडीएम के पास अपील

सरपंच तथा उनके परिजनों पर जुर्माना लगाए जाने से असंतुष्ट उप सरपंच तथा पंचों ने आगे की कार्रवाई के लिए एसडीएम न्यायालय में प्रकरण पेश किया। प्रकरण पेश होने के बाद केस को एसडीएम ने नस्तीबद्ध कर दिया। एसडीएम के फैसले के विरुद्ध शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर न्यायालय में अपील की। धमतरी कलेक्टर ने भी एसडीएम के निर्णय को सही मानते हुए अपील खारिज कर दी।

# भारी वाहनों-कचरा ढोने वाली गाड़ियों को तिरपाल से ढंके बिना ही बेखौफ परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारी वाहनों तथा कचरा ढोने वाली गाड़ियों को बिना तिरपाल से ढके बेखौफ परिवहन का खेल किया जा रहा है। शहर से सटे सभी रिंगरोड ही नहीं, बल्कि निगम सीमा के मुख्य मार्गों पर भी यह अनदेखी वाहन चालकों द्वारा की जा रही है। इसे देखने के बाद भी शासन -प्रशासन के जिम्मेदार ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ न तो कभी मुहिम चलाते हैं और न कार्रवाई करते हैं। इससे राहगीरों व छोटे वाहन चालकों को जहां दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वहीं रोज खुलेआम नियमों का उल्लंघन भी हो रहा है। राजधानी में रोज परिवहन नियमों को भारी मालवाहक चुनौती दे रहे हैं। इसे देखने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे वाहनों के चालक तिरपाल का खर्च बचाने और लोडिंग के बाद कवर्ड करने से बचने के लिए इस तरह की अनदेखी करते हुए रेत, गिट्टी, मुरुम, फैक्ट्रियों की डस्ट, सीमेंट और निगम की गाड़ियों से कचरा भी ढो रहे हैं। इससे इन वाहनों के आसपास से गुजरने वाले दोपहिया चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आंख में कचरा पड़ने से कई बार दोपहिया चालक दुर्घटना का भी शिकार होते हैं। ऐसे मामलों में आमतौर पर लोग शिकायत नहीं करते। इसके चलते ट्रैफिक पुलिस और पर्यावरण संरक्षण के जिम्मेदार भी कार्रवाई नहीं करते हैं।

### नियम का कराएंगे पालन

अगर परिवहन कार्य करने वाले वाहनों द्वारा बिना ढंके रेत, गिट्टी, कचरा, सीमेंट जैसी सामग्री का परिवहन किया जा रहा है तो नियम का परिपालन कराने के लिए इस मामले को संज्ञान में लिया जाएगा।

**- डॉ. गौरव कुमार सिंह,** कलेक्टर, रायपुर

### परिवहन गाड़ियों के लिए नियम

*ट्रैफिक पुलिस यातायात नियम का पालन कराने के लिए दोपहिया, कार चालकों और अन्य वाहनों की जांच तो करती है, लेकिन ऐसे भारी वाहनों की सुध नहीं लेती, जो परिवहन नियमों को रोज खुलेआम चुनौती देते हैं। जबकि परिवहन कार्य करने वाले सभी भारी वाहनों के चालक बारिश के दिनों में परिवहन करते समय तिरपाल का इस्तेमाल करते हैं। सामान्य दिनों में इस तरह की लापरवाही की जाती है। परिवहन अधिनियम में यह प्रावधान है कि रेत, गिट्टी, मुरुम, सीमेंट व डस्ट और कचरे का परिवहन कार्य तिरपाल से ढंकने के बाद ही किया जाना है।*

## अवैध तरीके से काबिज लोग कर रहे नुकसान

# पीएम आवास-बीएसयूपी कालोनियों में 'बाहरी' का कब्जा, सर्वे नहीं, कई जगह बदमाशों का ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में प्रधानमंत्री आवास एवं बीएसयूपी के तहत 40 से ज्यादा कॉलोनियों का निर्माण कराने के बाद नगर निगम अब इनकी सुध नहीं ले रहा है। इसके चलते अरसे से कॉलोनियों में अवैध तरीके से काबिज बाहरी लोगों की पैठ बन रही है।

इससे जहां निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं आउटर की कॉलोनियों में काबिज आपराधिक प्रवृत्ति के लोग पनाह ले रहे हैं। पुलिस सर्चिंग में कई बार इस बात का खुलासा हुआ है। इसके बाद भी निगम के जिम्मेदार कॉलोनियों की आवंटन सूची के तहत सर्वे कराने में गुरेज कर रहे हैं। राजधानी के विभिन्न वार्डों से हटाने के बाद निगम ने विस्थापन के तहत आउटर में दो अलग-अलग केटेगरी में कॉलोनियों का निर्माण कराने के बाद आवास दिए हैं। इनमें 24 स्थानों पर विकास कार्यों में प्रभावितों को बीएसयूपी के तहत मकान दिए गए हैं।

वहीं भूमि व आवासहीनों को आशियाना देने की पहल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत की गई है। कई मकानों में अवैध तरीके से रहने वालों की सच्चाई जांचने के लिए पात्रता के आधार पर सर्वे कराने के बजाय निगम प्रशासन इससे बच रहा है। जिस वार्ड-क्षेत्र में कॉलोनियों का निर्माण कराया गया है, उनमें कई वार्ड पार्षद इस बात को स्वीकार करते हैं। पूर्व में हर कॉलोनी में अवैध तरीके से बाहरी लोगों को पनाह दी गई है। इनमें किसी कॉलोनी में रहने वालों की पात्रता जांच नहीं हुई है।



### प्रधानमंत्री आवास में भी अपात्र

वार्ड 7 की पार्षद सुशीला धीवर व वार्ड एक की पार्षद कमलेश वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के तहत हीरापुर में बने बीएसयूपी व प्रधानमंत्री आवास में सैकड़ों की तादाद में अपात्र लोग काबिज हैं। इनकी जांच कराने के लिए कई बार प्रयास किया गया, लेकिन हर बार जिम्मेदारों ने टाल दिया। इससे निगम को टैक्स का नुकसान तो हो ही रहा है। साथ ही ऐसे लोगों द्वारा निगम से लगातार सुविधाओं की मांग भी की जाती है। वार्ड 67 के पार्षद उत्तम साहू ने बताया कि सर्वे ठंडे बस्ते में है।

### सर्वे के बाद कार्रवाई

नगर निगम ने जितने भी प्रधानमंत्री आवास एवं बीएसयूपी के तहत कॉलोनियों का निर्माण कराया है, उनका आवंटन पात्रता के आधार पर ही किया गया है। अगर इनमें अवैध तरीके से लोग रह रहे हैं तो उनका सर्वे कराने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**- विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त, ननि रायपुर

### 14 साल से अटकी तय किस्त

निगम सूत्रों ने बताया कि बीएसयूपी में जिन लोगों को विस्थापित किया गया था, उन्हें प्रति मकान का 20 हजार रुपए भुगतान दो-दो हजार रुपए हर महीने किस्तों में देना था, लेकिन बीएसयूपी के रहवासियों ने अभी तक तय राशि का भुगतान नहीं किया है। इसके चलते निगम भी वहां दूसरे फेज में दी जाने वाली सुविधाएं अभी तक नहीं दे पाया है, क्योंकि जिस समय विस्थापित किया गया था।

# देह दानदाताओं का चिकित्सा छात्रों ने माना आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बेहतर डाक्टर बनने शारीरिक संरचना के ज्ञान की खातिर अपने देह का दान करने वालों के प्रति चिकित्सा छात्रों ने आभार प्रकट किया। शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के एनाटॉमी विभाग में प्रथम वर्ष के एमबीबीएस छात्रों को 'कैडेवरिक ओथ' दिलाई गई। एनाटॉमी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. जागृति अग्रवाल ने छात्रों को कैडेवरिक शपथ की महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कैडेवर को चिकित्सा छात्र का प्रथम शिक्षक माना जाता है, क्योंकि चिकित्सा पाठ्यक्रम की आधारशिला मानव शरीर रचना पर आधारित है। मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद नेरल ने नवप्रवेशित 230 छात्रों को कैडेवरिक शपथ दिलाई। इस अवसर पर जनमानस में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

## खबर संक्षेप




### वर्ल्ड जूडो चैम्पियनशिप में रेखा ने जीता कांस्य पदक

**रायपुर।** लास वेगास वर्ल्ड जूडो चैंपियनशिप वेटेरंस-2024 में शामिल भारतीय जूडो खिलाड़ी रेखा कटरे ने कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता वर्ल्ड जूडो फेडरेशन द्वारा अमेरिका के लास वेगास में आयोजित की गई थी, जिसमें रायपुर छत्तीसगढ़ की जूडो खिलाड़ी रेखा कटरे ने 49 आयुवर्ग और 63 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। पिछले साल दुबई में वर्ल्ड जूडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था, जिसमें रेखा कटरे ने भी हिस्सा लिया था।

### बांडेड डॉक्टरों को भी मिलेगी सीआरएमसी की प्रोत्साहन राशि

**रायपुर।** दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में सेवा देने वाले अनुबंधित चिकित्सा अधिकारी एवं विशेषज्ञ भी सीआरएमसी की प्रोत्साहन राशि के पात्र होंगे। वर्ष 2017 से इस राशि के लिए संविदा चिकित्सकों को पात्र माने जाने के आदेश पर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। कबीरधाम जिले में विवाद की स्थिति बनने के बाद एनएचएम के अधिकारियों ने मामला स्पष्ट कर दिया। दूरस्थ इलाकों में चिकित्सकीय सेवा प्रदान करने वाले डॉक्टरों को प्रोत्साहित करने छत्तीसगढ़ रूरल मेडिकल कोर योजना शुरू की गई थी। इस योजना के अनुसार संविदा चिकित्सकों को मानदेय के अलावा प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई थी। इस आदेश में संविदा का जिक्र था, जिसके कारण असमंजस की स्थिति बन गई थी। कबीरधाम जिले में यह प्रोत्साहन राशि प्रदान नहीं की जा रही थी, जिसकी वजह से वहां विवाद की स्थिति निर्मित हो रही थी। इसके बाद वहां के जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने एनएचएम कार्यालय को पत्र लिखकर मशविरा मांगा था। जिस पर स्पष्ट किया गया है कि अनुबंध के आधार पर वहां सेवा देने वाले एमबीबीएस और पीजी डॉक्टर भी इसके लिए पात्र हैं।

### संजय ने कहा- बैठक के नाम पर कांग्रेस सरकार में होती थी पिकनिक

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस के लोग आज भी अपने भ्रष्ट और निकम्मेपन के अतीत की काली छाया से मुक्त होने को तैयार नहीं हैं। श्री श्रीवास्तव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें श्री बैज ने प्रदेश सरकार की चित्रकोट में आहूत बैठक को पिकनिक बताया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, विधानसभा चुनाव में भाजपा के मंडल अध्यक्ष से हारने और लोकसभा में अपना टिकट तक नहीं बचा पाने के बाद से श्री बैज अक्सर मानसिक असंतुलन में इस तरह के प्रलाप करके अपनी जगहंसाई कराते रहते हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस की भूपेश सरकार ने पांच साल के अपने शासनकाल में सरकारी खजाने को लूटकर इस तरह की पिकनिक की थी, लेकिन श्री बैज शायद अब भूल चुके हैं कि कांग्रेस की सरकार जा चुकी है। अब कोई पिकनिक नहीं होती, सरकारी खजाने की लूट नहीं होती।

# प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों ने रखे विचार- सिंधी समाज से अन्य समाज भी लेते हैं प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

झूलेलाल धाम में रविवार को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें रायपुर समेत प्रदेशभर से समाज के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पदाधिकारी शामिल हुए, जिन्होंने प्रमुख विषय समाज हेतु भूमि संविधान पर चर्चा तथा सदस्यता शुल्क पर अपने विचार व्यक्त किए।

अलग खबर

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष महेश दरयानी ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की वर्तमान कार्यकारिणी समाज की उम्मीद पर खरी उतरेगी, यह समाज को भरोसा दिलाता हूं। वहीं पंचायत के संरक्षक अमर पारवानी ने कहा कि समाज को अपना राजनीतिक वजूद बढ़ाना चाहिए, जिससे समाज की मजबूत उपस्थिति शासन-प्रशासन व राजनीतिक दलों में दर्ज की जा सके। साथ ही पंचायत की वर्तमान कार्यकारिणी को बड़े और ठोस निर्णय लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। चूंकि हमारा समाज एक पुरुषार्थी समाज है, जिससे अन्य समाज भी प्रेरणा लेते हैं तो पुरुषार्थ करके आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

## छग सिंधी पंचायत की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक

### शासन से मांगेंगे पांच एकड़ भूमि

प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी एवं प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि प्रमुख विषयों पर समाज की जो राय आई, उसमें समाज हेतु 5 एकड़ भूमि की मांग शासन-प्रशासन से बहुत ही मजबूती के साथ की जाए, ताकि सामाजिक भवन, मंदिर, हॉस्पिटल जैसी सेवाएं मूर्त रूप ले सकें। वहीं संविधान में आवश्यक परिवर्तन आज के वर्तमान समय को देखते हुए किए जाने चाहिए तथा सदस्यता शुल्क पर भी विभिन्न सुझाव रखे गए। इसके पश्चात निर्णय लिया गया कि पंचायत के प्रमुख पदाधिकारी एवं संरक्षकों की सहमति से तीनों मुद्दों पर विभिन्न समितियों का गठन करके उन्हें पूर्ण अधिकार दिया जाएगा, ताकि वे इस पर मजबूती से कार्य करें।




### ये हुए शामिल

आयोजन में मुख्य रूप से आसुदाराम वाधवानी, अमर पारवानी, मुरलीधर उदासी, महेश दरयानी, महेश रोहरा, बलराम आहूजा, रमेश मिरघानी, मन्नूमल पृथ्वानी, भरत बजाज, कैलाश बालानी, सुभाष बजाज, तनेश आहूजा, भावना कुकरेजा, डिंपल शर्मा, विकास रूपरेला, अनिल लाहोरी, अमर चंदनानी, गौरव मंघानी, राजेश छाबड़िया, अनेश बजाज, प्रकाश विरानी, चंद्रकुमार माखीजा, श्याम गजवानी, सतीश छुगानी, प्रहलाद शादीजा समेत पूरे प्रदेश से सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए। संचालन बलराम आहूजा एवं आभार तनेश आहूजा ने व्यक्त किया।

## आयोजन : समाधान कॉलेज में ग्लोबल पीस एण्ड लीडरशिप विषय पर हुई कार्यशाला

# ग्लोबल पीस एवं लीडरशिप वर्तमान समय की आवश्यकता : रामकृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

समाधान महाविद्यालय में 'एंपावरिंग यूथ एस पीस बिल्डर्स' विषय पर पीस एण्ड लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि युवाओं के लिए इस प्रकार का प्रोग्राम काफी उल्लेखनीय एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य के अनुरूप है।

शांति की शुरुआत छोटे रूप से होती है, जिसे धीरे-धीरे गति प्रदान कर बड़े स्तर पर लाया जा सकता है। शांति आंतरिक व बाहरी दोनों रूप में जरूरी होती है, लेकिन आंतरिक शांति के लिए बाहरी वातावरण का शांत होना अनिवार्य है। प्रत्येक नागरिक जीवन में स्वतंत्रता चाहता है जो नियम, अनुशासन व अनुभव से आती है। शांति में विश्वास का भाव निहित होता है। शांति के महत्व को समझाना स्वयं, परिवार, समाज, राष्ट्र व विश्व सभी के लिए अनिवार्य है। शांतिदूत बनकर शांति का प्रवाह निरंतर करें।

### वसुधैव कुटुंबकम की भावना जरूरी : डॉ. पाठक

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुजरात (अहमदाबाद) के एल.जे. यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ फिलासफी और थियोलॉजिकल स्टडीज के प्रोफेसर डॉ .सुरेंद्र पाठक ने 'वसुधैव कुटुंबकम् -द वे फॉरवार्ड फॉर ग्लोबल पीस' प्रस्तावना के रूप में पृष्ठभूमि रखी। उन्होंने बताया कि आज के युवा विश्व स्तर पर अपनी सोच रख रहे हैं, जिसका कारण तकनीकी विकास है। मानव जाति सही जीवन शैली को न पहचान कर पर्यावरण प्रदूषण से लेकर ग्लोबल वार्मिंग तक पहुंच चुका है। वर्तमान में पूरे विश्व को एक कुटुंब की तरह देखने की आवश्यकता है, अर्थात समुदाय चेतना को विश्व चेतना की ओर रूपांतरित करने की आवश्यकता है। जीवन पद्धति में संपूर्ण मानव जाति अखंड समाज है। सह-अस्तित्व के सिद्धांत को समझ कर ही सर्वसुख की कामना पूरी होगी। समिति की अध्यक्ष डॉ अलका तिवारी ने महाविद्यालय की स्थापना दिवस व प्रोग्राम पर शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने महाविद्यालय की स्थापना के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी।

### कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने कहा- शांति आंतरिक व बाहरी दोनों रूप में जरूरी




### महाविद्यालय की उपलब्धियों की दी गई जानकारी

महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने महाविद्यालय की शैक्षणिक यात्रा में उपलब्धियों की जानकारी दी। जीपीएफ प्रोग्राम की को-ऑर्डिनेटर शैव्या पाठक ने ग्लोबल पीस फाउंडेशन एण्ड जीपीएफ इंडिया की प्रस्तावना तथा पीस एण्ड पीसबिल्डिंग की अवधारणा एवं पीसमेकिंग एण्ड पीसकीपिंग फॉर कैरक्टर एंड लीडरशिप डेवलपमेंट के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को लेट्स गेट टू नो ईच अदर बेटर पर एक्टिविटी कराई व गूगल फॉर्म भी भरवाया गया। अतिथियों को महाविद्यालय के प्रतीक चिन्ह, शॉल, श्रीफल व डायरी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों व प्राध्यापकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका स्वीटी मालिक द्वारा किया गया। विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन विनीता अग्रवाल व पूर्ति अग्रवाल ने किया।

# नौकरी मांगने नहीं देने वाला बनें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ग्राम पंचायत धनगांव में अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा की ग्राम बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में बड़ी संख्या में गांव के युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक को सम्बोधित करते हुए महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि छत्तीसगढ़ी महासभा का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सीधे सरल लोगों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करते हुए स्थानीय परम्परा, रीति रिवाज, बोली, खान पान, संस्कृति लोक कला का संवर्धन और विकास करना है। उन्होंने बताया कि महासभा एक गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन है। किसी भी राजनीतिक विचार धारा के सदस्य इसके सदस्य हो सकते हैं।

■ धनगांव में आयोजित छत्तीसगढ़ी महासभा की बैठक में संयोजक डॉ निर्वाणी ने किया प्रेरित

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बने 24 साल हो गए हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ियों की आर्थिक स्थिति में जो सुधार होना था, वह नहीं दिख रहा है। डॉ निर्वाणी ने कहा कि इसका कारण यह है कि हम अपने ही राज्य में नौकरी के लिए गिड़गिड़ाते हैं। उन्होंने कहा कि नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनें। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार का आग्रह किया। बैठक में नवागढ़ विधासभा के नवनियुक्त अध्यक्ष गजानंद साहू का सम्मान किया गया। बैठक में गजानंद साहू, कुशाल दास, दीपक साहू, मुकेश साहू, रूपेश साहू, लक्ष्मीनरायण वैष्णव, पारद साहू

किशन निषाद, जितेंद्र यादव, हरीश साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।




### 4 चोर पकड़ाए, 10 बाइक बरामद

**साजा।** बाइक चोरों के गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इसके साथ ही गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से अभी तक 10 बाइक बरामद की जा चुकी है। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपी साजा के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार मामले की जांच अभी जारी है, वहीं इस मामले में कुछ अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। बाद में इस मामले का पूरा खुलासा किया जाएगा।




# माइक्रो एटीएम से 10 हजार तक निकाल सकेंगे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

धान खरीदी में किसानों को सुविधा देने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा नई व्यवस्था की गई है, इसके माध्यम से धान बेचने के तुरंत बाद लगभग दस हजार रुपए तक की राशि का भुगतान हो सकेगा। आपात स्थिति में तत्काल भुगतान के लिए समितियों में माइक्रो एटीएम लगाए गए हैं, जिससे किसान धान बेचने पर जरूरत पड़ने पर तुरंत दस हजार निकाल सकेंगे। इसको लेकर धान खरीदी समितियों में माइक्रो एटीएम लगाए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा इस बार 14 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत की गई है। प्रदेश की



सहकारी समितियों में 1722 माइक्रो एटीएम की सुविधा है। किसानों की सुविधा के लिए नई व्यवस्था की शुरुआत की गई है, जिसमें माइक्रो एटीएम सभी धान खरीदी केंद्रों में लगाए गए हैं, इसके माध्यम से किसानों को सुविधा मिलेगी। धान बेचने के बाद 10 हजार रुपए तक की नकद राशि किसान माइक्रो एटीएम के माध्यम से निकाल सकते हैं। साथ ही 10 हजार रुपए तक जमा करने की भी सुविधा माइक्रो एटीएम के माध्यम से दी गई है।

### 10 हजार जमा करने का भी विकल्प

अपेक्स बैंक के अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी के सीजन में जिन किसानों से धान खरीदी की जाती है, उनका भुगतान करने की बड़ी जिम्मेदारी समितियों पर होती है। बैंक शाखाओं के माध्यम से उनका भुगतान करते हैं। हमारे सभी शाखाओं में बड़े एटीएम लगे हुए हैं। उन एटीएम के माध्यम से भी किसान अपनी राशि निकाल सकते हैं। व्यवस्था को सुचारू और सुविधाजनक बनाने के लिए राज्य शासन, नाबार्ड, पंजीयन, सहकारी संस्थाएं आदि के निर्देशानुसार सभी समितियों में माइक्रो एटीएम उपलब्ध कराए गए हैं।

# प्रदेश में अब तक भाजपा के 60 हजार सक्रिय सदस्य, लक्ष्य से 40 फीसदी दूर

■ सौ रुपए सदस्यता शुल्क के साथ दीपकमल पुस्तक के लिए ले रहे चार सौ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने जहां एक तरफ 54 लाख सामान्य सदस्य बना लिए हैं, वहीं अब तक 60 हजार सक्रिय सदस्य भी बन गए हैं। वैसे लक्ष्य अभी 40 हजार दूर है, लेकिन अभियान अभी चल रहा है। ऐसे में भाजपा के पदाधिकारियों को भरोसा है कि लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे। 22 नवंबर को दिल्ली में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक है। जहां समीक्षा के बाद राज्यों से बात करने के बाद तय किया जाएगा कि अभियान समाप्त करना है या अभी नवंबर तक चलाना है। जिनको सक्रिय सदस्य बनाया जा रहा है, उनसे सौ रुपए सदस्यता शुल्क लिया जा रहा है। यह शुल्क राष्ट्रीय संगठन के खाते में जा रहा है। इसी के साथ प्रदेश भाजपा की पत्रिका दीपकमल के लिए चार सौ रुपए शुल्क भी लिया जा रहा है। कुल मिलाकर सक्रिय सदस्यों से पांच सौ रुपए लिए जा रहे हैं। ऐसे में अब तक तीन करोड़ रुपए एकत्रित हो गए हैं। भाजपा का देशभर में सामान्य सदस्य के साथ सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान चल रहा है। अभियान 2 सितंबर से सामान्य सदस्य बनाने के लिए प्रारंभ किया गया। इसके बाद दूसरे चरण में 16 अक्टूबर से सक्रिय सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया। इसी के साथ ही सामान्य सदस्यता का अभियान भी चल रहा है। वैसे तो 15 नवंबर को अभियान का समापन होना था, लेकिन दिल्ली में 22 नवंबर को बैठक रखी गई है, ऐसे में अभियान अभी चलता रहेगा।

### एक लाख का लक्ष्य

भाजपा के प्रदेश संगठन को जहां 60 लाख सामान्य सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है, वहीं एक लाख सक्रिय सदस्य बनाने हैं। इसके लिए हर मंडल में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रदेश में 405 मंडल हैं। 16 अक्टूबर से अब तक प्रदेशभर में करीब 60 हजार सक्रिय सदस्य बन गए हैं। ये सदस्य संख्या पिछली संख्या से 22 हजार ज्यादा है। इसके पहले भाजपा के 38 हजार सक्रिय सदस्य थे।

### रायपुर में बने दो हजार सक्रिय सदस्य

राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं में 16 मंडल हैं। ऐसे में यहां पर 32 सौ सक्रिय सदस्य बनाने हैं। सक्रिय सदस्यता अभियान समीक्षा समिति के संयोजक छगन मुंदड़ा ने बताया, रायपुर में अब तक दो हजार सक्रिय सदस्य बना लिए गए हैं। लगातार अभियान चल रहा है। 20 नवंबर तक लक्ष्य पूरा करने का प्रयास है। वरिष्ठ नेताओं के घरों तक जाकर उनको सक्रिय सदस्य बना रहे हैं।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सड़क किनारे मुरुम की जगह डाली जा रही मिट्टी

**बालोद/सिकोसा।** लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा हल्दी–पसौद मार्ग के निर्माण कार्य में सड़क किनारे मुरूम के स्थान पर मिट्टी डाली जा रही है। उक्त निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा 5 करोड़ 86 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इस लिहाज से जिस स्तर का निर्माण कार्य होना था, वह गुणवत्ता दिखाई नहीं दे रही है। निर्माण कार्य में इतनी बड़ी गड़बड़ी होने के बावजूद ना तो ठेकेदार ध्यान दे रहा है, न ही विभागीय अधिकारी मौके पर जायज़ा लेने पहुंचे। पसौद की बस्ती में सीसी रोड के साइड सोल्डर में मिट्टी डाली जा रही है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। ठेकेदार द्वारा मुरुम नहीं मिलने का हवाला दिया जा रहा है। वहीं, 4 किलोमीटर तक हो रहे नवीनीकरण कार्य के तहत सड़क के किनारे को ही काटकर साइड सोल्डर बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारी चुप्पी का ठेकेदार नाजायज फायदा उठा रहा है। वहीं, विभाग के जिम्मेदार मौन हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द ही मिट्टी हटाकर मुरुम नहीं डाली गई, तो सीधे कलेक्टर से शिकायत की जाएगी।

### निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि कल

**बालोद।** नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा आपत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर निर्धारित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के अंतर्गत निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा आपत्ति लेने का कार्य बुधवार 13 नवंबर से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कर निर्वाचक नामावलीयों का अंतिम प्रकाशन 11 दिसंबर को किया जायेगा। नगर पालिका परिषद बालोद, दल्लीराजहरा, नगर पंचायत गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, डौण्डी, चिखलाकसा, अर्जुन्दा क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार व निर्वाचक सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है।

### प्रमुख मार्केट में दोनों पाली में होगी सफाई

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र के सभी प्रमुख मार्केट आकाशगंगा, सुपेला मार्केट, पावर हाउस, सर्कुलर , जवाहर, हार्डवेयर लाइन, होजरी मार्केट , इत्यादि जगहों पर नगर निगम नगर निगम भिलाई द्वारा दोनों पाली में सुबह शाम सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण का काम किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को को निर्देशित किए हैं कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो । प्रमुख मार्केटप्लेस में दोनों समय सफाई होनी चाहिए। यह बात का ध्यान रखा जाए कि किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही विक्रेताओं, दुकान मालिकों से भी नगर निगम भिलाई ने अपील की है कि कचरे को रोड में इधर-उधर मत फेंके।

## जिला विकास समन्वय व मूल्यांकन समिति की बैठक में सांसद बघेल ने दिए निर्देश

# जनता की भलाई के लिए योजनाओं को पूरी जिम्मेदारी के साथ समय सीमा पर पूर्ण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए लोकसभा सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक हुई। कलेक्टोरेट में आयोजित बैठक में श्री बघेल ने जिले की जनता की भलाई और केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतरीन क्रियान्वयन और जिले के समग्र विकास को लेकर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने धान खरीदी पूरी पारदर्शिता से करने को कहा। बैठक के दौरान सांसद श्री बघेल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की एवं विभागों को पूर्ण जवाबदेही एवं समयबद्धता से कार्य निष्पादन करने कहा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो योजनाओं की गतिविधियों की और प्रगति के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर श्री शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल ने ज़िला पंचायत के तहत किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा दिया। बैठक में विधायक दीपेश साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत सुनीता हीरालाल साहू, अध्यक्ष नगर पालिका शकुंतला मंगत साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। विभिन्न विभागों के ज़िला स्तरीय अधिकारी और ज़िले के जनपद पंचायत अधिकारी शामिल हुए।




### स्वास्थ्य व शिक्षा पर दिया जोर

इसके साथ ही सांसद श्री बघेल ने अपूर्ण कार्यों के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाईयों की भी जानकारी ली। वहीं, लंबित भुगतान सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने उनके स्वावलंबन के लिए कार्य करने की बात कही। स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग दोनों समन्वय से कार्य कर बच्चों के सम्पूर्ण टीकाकरण के कार्य को आगे बढ़ाने को कहा। लोकसभा सांसद ने जिले में कुपोषण की स्थिति की जानकारी ली।

### धान बेचने में किसानों को न हो परेशानी

सांसद श्री बघेल ने जिले में चल रही धान खरीदी की जानकारी लेते हुए कहा कि धान खरीदी पूरी पारदर्शिता के साथ हो और किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने रबी फसल के लिए किसानों के खाद-बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। स्कूलों में शिक्षकों और पढ़ाई लिखाई की जानकारी ली साथ ही मुख्यालय स्थित स्कूल भवन जर्जर स्थिति की जानकारी पर उसे डीएमएफ और विधायक निधि से नियमानुसार निर्माण कराने के निर्देश दिए।

### दिशा पर 41 योजनाओं का दायित्व

मालूम हो कि जिला निगरानी समिति को महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्किल इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ,मृदा स्वास्थ्य कार्ड समेत कुल 41 योजनाओं का विकास समन्वय एवं मूल्यांकन का दायित्व जिला समिति (दिशा) को सौंपा गया है।

### निर्माणाधीन कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करें

सांसद विजय बघेल ने जिले में निर्माणाधीन कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग पर जोर देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जनता की बेहतरी एवं उन्हें आर्थिक सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक जनकल्याणारी योजनाएं संचालित की जा रही है। केन्द्र की योजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ सफल क्रियान्वयन कराने प्रत्येक विभाग के अधिकारियों का दायित्व है। इसके साथ ही उन्होनें जनप्रतिनिधियों से अंचल में विभिन्न योजना के कार्यों को जल्द पूर्ण करने एवं लोगों को समझाने का आग्रह किया। विशेषकर जिले के अन्दरूनी ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन पर जोर देते हुए कहा कि जहाँ कार्य पूरे हो गए हैं, वहाँ जनप्रतिनिधियों को भी लेकर जाएं। काम नहीं करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई करें। सांसद श्री बघेल ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले, यह सुनिश्चित करें।

# खेल हमारे जीवन का आवश्यक अंग है : दीपेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लोलेसरा में आर्मी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त क़र उनका उत्सवर्धन किया। उसके बाद कबड्डी प्रतियोगिता देखी।

■ लोलेसरा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक और अभिन्न अंग है तथा खेल के माध्यम से हम न केवल अपने शरीर को तंदरूस्त रख रकते हैं, बल्कि आज खेल रोजगार का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। ऐसे में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों पर ध्यान देना चाहिए। साहू ने कहा कि खेल ने समुदायों को एकजुट किया है और ग्रामीणों के बीच भाईचारे की भावना पैदा करती है। खिलाड़ियों को अपनी कौशल दिखाने के लिए एक मंच तैयार किया है। कबड्डी मूल रूप से एक संघर्षपूर्ण खेल है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रतिद्वंद्वी से एक ही सांस में अपने को बचाकर यथा संभव अधिक से अधिक डिफेन्स खिलाड़ियों को छूकर अंक अर्जित करना है। श्री साहू ने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई दी। आयोजक टीम की मांग पर विधायक साहू ने कहा कि मैं खिलाड़ियों को किसी प्रकार की कमी होने नहीं दूंगा। खिलाड़ी और आयोजक समिति की जो मांग की है, उसे मैं पूरा करने का प्रयास करूँगा। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मिथलेश वर्मा, परस वैष्णव, विजय सुखवानी, राजू देवांगन, योगेश वर्मा, गौरव साहू, नागेश वर्मा, नरेस साहू, मिथलेश वर्मा, ताम्रध्वज देशमुख राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक, नारायण यादव प्रशिक्षक एवं खेल शिक्षक खिलाड़ी आसपास के क्षेत्रवासी ग्रामवासी उपस्थित रहे ।




# जिला चिकित्सालय भवन में मॉक ड्रिल आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला चिकित्सालय भवन में 19 नवंबर को मॉक ड्रिल का आयोजन सुबह 10 बजे किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में अस्पताल की तैयारियों और विभिन्न विभागों के समन्वय की जांच करना है। इस अभ्यास के दौरान संभावित आपदाओं जैसे आग, भूकंप या किसी अन्य आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल के कर्मचारियों की प्रतिक्रिया और मरीजों को सुरक्षित निकालने के तरीकों का मूल्यांकन किया जाएगा। एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी इस मॉक ड्रिल में शामिल होंगे, ताकि वे वास्तविक आपात स्थिति में समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित कर सकें। अस्पताल के सभी संबंधित विभागों को इस अभ्यास में भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आपातकालीन प्रबंधन की योजनाओं को परखा जा सके और किसी भी कमी को समय रहते दूर किया जा सके।

■ आपातकालीन स्थिति में तैयारियों व विभिन्न विभागों के समन्वय की जांच करना है उद्देश्य

**तैयारियों को लेकर कलेक्टोरेट में हुई राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की बैठकः** कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र से आये राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम मौजूद थी। बैठक में मॉक ड्रिल (अभ्यास) के संबंध में चर्चा की गई। इस बैठक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारी को और अधिक प्रभावी बनाना था। एनडीआरएफ के अधिकारियों ने विभिन्न आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, आगजनी और अन्य प्राकृतिक या मानव-निर्मित आपदाओं से निपटने के लिए मॉक ड्रिल्स के महत्त्व पर जोर दिया। बैठक में मॉक ड्रिल्स के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीतियों, उपकरणों के उपयोग, आपातकालीन सेवाओं के समन्वय और स्थानीय प्रशासन के सहयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल्स से आपदा के समय त्वरित और सही प्रतिक्रिया देने में मदद मिलती है और इससे जनसमूह की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है । राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम ने इस बैठक में सभी संबंधित विभागों से कहा कि वे नियमित अंतराल पर मॉक ड्रिल्स आयोजित करें और अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें ताकि वे किसी भी आपदा के समय तेजी से और प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सकें। बैठक में कन्हैया योगी डिप्टी कमांडेड तीसरी वाहिनी आरसीसी भिलाई, रमयोपन रूंगसंग सब इंस्पेक्टर टीम कमांडर और संदीप सिंह सब इंस्पेक्टर सेफ्टी ऑफिसर सहित अपर कलेक्टर भारद्वाज, सर्व एसडीएम, नगर सेना की टीम सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे ।

# धूमधाम से मनाया गया प्रकाश उत्सव



**बेमेतरा।** पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने सिख समाज के आराध्या प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस के अवसर पर निकली प्रकाश उत्सव शोभायात्रा में पंच प्यारों का स्वागत किया तथा उनसे आशीर्वाद लिया। शोभायात्रा बेमेतरा के प्रमुख चौक-चौराहा से होकर गुजरी जहां लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया था।

पंच प्यारों से आशीर्वाद लिया। इस शोभा यात्रा के दौरान पंच प्यारे प्रकाश उत्सव में आगे आगे चल रहे थे। सिख समाज की महिलाएं, पुरुष शोभा यात्रा आगमन पर सड़कों को साफ कर रहे थे। प्रकाश उत्सव की रैली में बड़ी संख्या में बच्चे एवं बड़े तथा बड़े बुजुर्ग भी पीछे पीछे चल रहे थे। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा शोभा यात्रा में शामिल लोगों के लिए जलपान का व्यवस्था भी की गई थी। इस अवसर पर श्री छाबड़ा के साथ ज्ञानी जी प्रीतम हुरा दौलत सींग हुरा मनोज मखीजा चिंटू छाबड़ा पक्की अजमानी सहित सामाजिक भाई एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री ललित विश्वकर्मा, जोगेंद्र छाबड़ा, शकुंतला साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### गुरु नानक जयंती पर शोभायात्रा का बीके बहनों ने किया स्वागत

**बेमेतरा।** प्रकाश पर्व गुरुनानक जयंती के उपलक्ष्य में शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। सैकड़ों लोगों के विशाल समूहों में जब यह यात्रा ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र के सामने से निकली तो ब्रह्माकुमारीज के भाई बहनों ने भावपूर्ण आगवानी की। इस दौरान सेवा केंद्र प्रभारी बीके शशि दीदी, राजयोग शिक्षिका बीके सुनीता समेत कई भाई बहनों ने चंदन तिलक, दूध, पुष्प वर्षा करते हुए, साफा, श्री फल नारियल भेंट किया। बीके शशि दीदी ने शोभायात्रा में शामिल सिख समाज अध्यक्ष गुरूदयाल सिंह चावला, जगजीत सिंह, प्रसिद्ध समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी एवं सभी भाई बहनों का सम्मान करते हुए सभी को प्रसाद रूप में संतरा फल भेंट किया। उन्होंने कहा कि सिख धर्म तथा निराकार परमात्मा द्वारा दिए गए ईश्वरीय सन्देश में काफी समानता है, जिससे एक अच्छा और बेहतर समाज बनेगा।

# दीपावली मिलन में जिलेभर से मानस पथिक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान स्थित गांधी भवन में जिला मानस संघ का दीपावली मिलन कार्यक्रम हुआ। इस दौरान मौजूद सदस्यों मानस मंचों में प्रस्तुतिकरण कैसे हो वर्तमान समय में मानस मंचों में जिला की मानस मंडलियों की भागीदारी सुनिश्चित करने प्रतिमाह जिले के सभी ब्लॉकों में मानस संगोष्ठी आयोजित करने मानस मिलन करने सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता में योगदान देने संघ के माध्यम से लोकनृत्य सांस्कृतिक संवर्धन पर जोर देने संबंधी निर्णय लिया गया। बैठक शक्ति केंद्र खंडसरा से ग्राम बहेरा निवासी ओम साहू एवं शक्ति केंद्र मटका से अर्जुन साहू को सर्व सम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं ममता बालिका मानस मंडली प्रमुख लता निषाद को संयुक्त सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। संगठन में सदस्यता अभियान के संबंध में भी चर्चा हुई। पूरे जिले में संघ की ओर सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। कार्यकम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने की। उक्त बैठक में पूरे जिले से मानस पथिक पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम में संरक्षक राजकुमार ताम्रकार, शिव साहू, पार्षद अभ्भन सेन, महेंद्र चौहान, उपाध्यक्ष माखन साहू, डॉ.ओंकार चंद्राकर, कोषाध्यक्ष छगन साहू, सचिव विष्णु साहू, उत्तम साहू, अध्यक्ष बेरला महेश साहू अध्यक्ष नवागढ़ मीडिया प्रभारी कल्याणी सेन सहित बड़ी संख्या में मानस पथिक उपस्थित थे।

■ जिला मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान में हुआ कार्यक्रम



# नवागांव (सोंढ़) में धूमधाम से मनाई गई भगवान सहस्रबाहू जयंती



**बेमेतरा।** विधानसभा के ग्राम नवागांव (सोंढ) में समस्त सिन्हा समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव जयंती मनाई गई। इस अवसर पर रात्रि में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व सनातन संगठन व भाजपा नेता योगेश मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए।

सहस्त्रबाहु जयंती की बधाई देते हुए योगेश तिवारी ने कहा कि सहस्त्रबाहु अर्जुन को भगवान विष्णु का 24वां अवतार माना जाता है। भागवत पुराण में उनकी जन्मकथा का वर्णन है। कार्यक्रम में मंडलेश्वर बेरला डॉक्टर ईश्वर सिन्हा, सचिव कामता सिन्हा, संरक्षक मदन सिन्हा, बेरला निर्वाचन अधिकारी रमेश सिन्हा, पूर्व सरपंच चंद्रेश राजपूत, बेरला मंडल युवा मंच अध्यक्ष मनोज सिन्हा, देवराम सिन्हा, इंदल सिन्हा, लक्ष्मीनाथ सिन्हा सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।







